# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

**LEAD TO ILLUMINATE**



# HINDI

## 2018-19

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

| S. No | Name | Position |
|---|---|---|
| 1 | Ms SHEELA | FACULTY |

# INDEX (2018 -2019)

| S NO | DATE | NAME OF THE EVENT | PARTICIPANTS | VENUE |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 31/07/2018 | Prem Chand Jayanti (Guest Dr Anita Ganguly) | 134 | Heritage Hall |
| 2 | 29/08/2018 | Attended One Day International Lecture on Bharat Aur Japan Me Hindi at DBHPS | 23 | DBHPS, Hyderabad |
| 3 | 01/09/2018 | Field Trip (Charminar) | 34 | Charminar |
| 4 | 08/09/2018 & 09/09/2018 | Conducted Various Hindi Competition by Hindi Dept. | 80 | Classrooms |
| 5 | 12/09/2018 | Attended Hindi Declamation Competition by DBHPS | 03 | DBHPS, Hyderabad |
| 6 | 14/08/2018 | Hindi Diwas celebration (Guest Dr Vishnu Bhagwan Sharma) | 140 | Montfort Hall |
| 7 | $10^{th}$ & 11/10/2018 | Presented a research paper in International Seminar on 21vee Sadi Ka Sahitya Evam Vimarsh Ke Vividh Aayam | 01 | EFLU |
| 8 | 26/11/2018 | Attended a poem recitation competition as Judge at Chirec International School | 01 | Chirec International School |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | 14th & 15/12/ 2018 | Presented a research paper in Two days International Seminar on Hindi Bhasha, Sahitya Evam Bharatiya Sanskriti: Vaishvik Paridrishya by Hindi Hain Hum Vishwa Maitri Manch and Badruka College | 01 | Badruka College |
| 10 | 10/01/2019 | Vishwa Hindi Diwas celebration (Guest Dr Kaushalya) | 115 | Montfort Hall |
| 11 | 01/02/2019 | Model Exhibition | 22 | Karunya Court |
| 12 | 08/02/2019 | Attended a workshop on a Teaching Techniques and Technology in the Language Class Room by Bhawans College | 01 | Bhavan's Vivekananda College |
| 13 | 26/02/2019 | Festa Literaria Inter Collegiate Competition | 34 | Montfort hall |
| 14 | 08/04/2019 | Paper presented on Samkalin Hindi Sahitya Me Paryavaran Vimarsh by DBHPS | 01 | DBHPS, Hyderabad |
| 15 | 09/04/2019 | Attended a workshop on Hindi Sahitya Anuwad Evam Tulanatmak Adhyayan: Samasyayen Evam Samadhan by EFLU | 01 | EFLU |
| 16 | 17/04/2019 | Conducted workshop on Unicode | 46 | Monfort Hall, and Computer lab |

**Little Flower Degree College**
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

# प्रेमचंद जयंती का आयोजन

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Premchand Jayanti |
| Date | : | 31/07/2018 |
| Place | : | Heritage Hall |
| Number of students participated | : | 134 |
| Guest | : | Dr Anita Ganguly |

दि.31 जुलाई 2018 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल में उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गयी। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा प्रेमचंद की जीवनी पर विडियो और प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी ‘सुभागी’ का नाट्यरूपांतरण रहा।

अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय हिंदी संस्थान, हैदराबाद केंद्र की अध्यक्ष डॉ.अनीता गांगुली ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रेमचंद द्वारा रचित कहानी ‘सुभागी’ के नाट्यरूपांतरण के माध्यम से प्रेमचंद को याद करना प्रशंसनीय है। प्रेमचंद का कथा साहित्य आज भी प्रासंगिक है। वे अपनी लेखनी के बल पर ही कथा सम्राट की उपाधि पा सके। उनका कथा साहित्य युवा कथाकारों को प्रेरित करता रहेगा। अवसर पर उपस्थित कॉलेज उप प्राचार्य ने नाटक के मंचन के लिए छात्रों की और हिंदी प्राध्यापक की प्रशंसा की और शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का संयोजन हिंदी प्राध्यापक शीला ने किया।


उप प्रधानाचार्य श्रीमती जयंती रेड्डी दीप प्रज्वलित करते हुए। साथ में हैं अतिथि डॉ. अनीता गांगुली।


कॉलेज के छात्रों द्वारा ‘सुभागी’ का मंचन करते हुए

Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान में सहभाग

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Attended one Day international lecture |
| Date | : | 29/08/2018 |
| Place | : | DBHPS |
| Number of students participated | : | 23 |
| Guest | : | Hideki Ishida, Deto Bunka |

उच्च शिक्षा और शोध संस्थान, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद में आयोजित 'भारत और जापान में हिंदी' विषयक अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि जापान के दैतो बुनका विश्वविद्यालय के हिंदी प्रोफेसर हिडेकी इशिदा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत और जापान का संबंध बहुत पुराना है तथा उनकी संस्कृति मिलीजुली है। उन्होंने बताया कि 19वीं शताब्दी के मध्य तक दूसरे देशों से जापान का कोई संबंध नहीं रहा। बाद में धीरे-धीरे संपर्क स्थापित हुआ और व्यापार बढ़ने लगा। जापानी लोगों पर विशेष रूप से बौद्ध धर्म का गहरा प्रभाव है। वे इसे देश की रक्षा करने वाला धर्म मानते हैं। कथासरित सागर, पंचतंत्र और जातक की कहानियों के माध्यम से भारतीय लोक साहित्य जापान पहुँचकर जापानी रंग में ढल चुका है। 1908 में टोकियो विश्वविद्यालय में सबसे पहले हिंदी की पढ़ाई शुरू हुई। 1921 में ओसाका विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग स्थापित हुआ। 1960 के आसपास स्वतंत्र विभाग बन गया। टोकियो और ओसाका में सौ वर्षों से हिंदी का अध्ययन-अध्यापन कार्य चल रहा है। भले ही हिंदी सीखने वाले छात्रों की संख्या कम है, किंतु छात्रों में हिंदी सीखने की रुचि है।

आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना सभा के सचिव एवं संपर्क अधिकारी सी.एस. होसगौडर की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम में हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी प्रोफेसर आलोक पांडेय ने कहा कि जापान से हिंदुस्तान आकर इशिदा जी हिंदी अध्ययन और अध्यापन की स्थिति को जानने का प्रयास कर रहे हैं, तो हम लोग ऐसा प्रयास क्यों नहीं कर सकते। इथोपिया के अरबा मिच विश्वविद्यालय के अंग्रेजी प्रोफेसर

गोपाल शर्मा ने कहा कि भाषा और संस्कृति अभिन्न हैं। हम हिंदी को अलग-अलग नहीं मानते भले ही उनकी लिपि में भेद हो।।

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**




**दि. 29 अगस्त 2018 को दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, खैरदाबाद, हैदराबाद द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान में प्रो. हिडेकी इशिदा के साथ लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल के छात्र और हिंदी प्राध्यापक शीला।**

# अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान में सहभाग

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Field Trip to Charminar |
| Date | : | 01/09/2018 |
| Place | : | Charminar |
| Number of students participated | : | 34 |

दि.01 सितंबर 2018 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद के हिंदी प्राध्यापक, फ्रेंच प्राध्यापक एवं प्रथम वर्ष के हिंदी विषय के छात्र हैदराबाद की ऐतिहासिक इमारत चारमीनार की सैर पर गए।

डिग्री प्रथम वर्ष के हिंदी विषय के पाठ्यक्रम में "कथा सिंधु & गद्य दर्पण" नामक पुस्तक है। इस पुस्तक के गद्य दर्पण भाग में 'बाज़ार दर्शन' शीर्षक से एक ललित निबंध है। इस निबंध के रचनाकार जैनेंद्र कुमार हैं। वे हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार एवं निबंधकार हैं। उन्होंने इस निबंध में 'बाज़ार' के दर्शन को विश्लेषित किया है। उनका कहना है कि बाजार हमें अनावश्यक खरीद के लिए आकर्षित करता है। जिसके पास रुपए हैं, उनकी पर्चेजिंग पॉवर के आधार पर खरीदी करने उकसाता है। छात्रों में बाज़ार के दर्शन के ज्ञान को विकसित करने के उद्देश्य से इस सैर का आयोजन किया गया था। खरीदी के प्रति वेवक की अत्यंत आवश्यकता होती है। सावधानी व सूझबुझ के साथ खरीदी की समझ विकसित करना जरुरी है अन्यथा अनावश्यक खरीद के कारण रुपए तो खर्च होते ही हैं और समय भी नष्ट होता है। छात्रों ने इस सैर के दौरान यह समझने-समझाने का प्रयास किया कि स्वयं के लिए जो आवश्यक वस्तुएं हैं केवल वे हीं खरीदी जाएँ। इस सैर के दौरान हिंदी प्राध्यापक और छात्रों ने हैदराबाद की ऐतिहासिक इमारत चारमीनार देखी और उसके परिसर में स्थित भाग्य लक्ष्मी के दर्शन किए। चारमीनार के समीप स्थित बाजार से खरीदी की।

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

| | |
|---|---|
|  |  |
| चारमीनार के सामने छात्रों और अध्यापकों का सामूहिक चित्र | चारमीनार की ऊपरी मंजिल से लिया बाज़ार का चित्र |

# हिंदी दिवस: प्रतियोगिताएँ आयोजित

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Hindi Competitions |
| Date | : | 08 & 09 /9/2018 |
| Place | : | Class Rooms |
| Number of students participated | : | 80 |

हिंदी भारत की राजभाषा है। इसके प्रचार-प्रसार के लिए हर वर्ष भारत में 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर दि. 08-09 सितंबर, 2018 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं कविता वाचन, आशुभाषण, निबंध लेखन और वाद-विवाद आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में कुल 80 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। प्रतियोगिताओं का संचालन हिंदी प्राध्यापक बी शीला ने किया। इन प्रतियोगिताओं के लिए कॉलेज के प्राध्यापक थेन, शीतल, गायत्री और ऐश्वर्या ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिताओं के विजाताओं को 14 सितंबर 2018 को हिंदी दिवस समारोह में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

| आशुभाषण के विजेता | निबंध लेखन के विजेता |
|---|---|
| प्रथम – शारोन रोज़, बीए अंतिम वर्ष<br>द्वितीय – शुभमचौहान, बीकॉम जनरल द्वितीय वर्ष<br>तृतीय - प्रियंका कुमारी, बीटीएमसी, द्वितीय वर्ष | प्रथम-प्रियंका कुमारी, बीटीएमसी, द्वितीय वर्ष<br>द्वितीय – कुसुम चौधरी, बीकॉम.जनरल प्रथम वर्ष<br>तृतीय – अथर्व विवेक सपाटे, बीकॉम जनरल प्रथम वर्ष |

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

<table>
<tr>
<td>

**कविता वाचन के विजेता**

प्रथम – हबीब ख़ातून, बीकॉम जनरल अंतिम वर्ष

द्वितीय – शारोन रोज़, बीए अंतिम वर्ष अंतिम वर्ष

तृतीय – नासिर, बीए द्वितीय वर्ष



</td>
<td>

**निबंध लेखन के विजेता**

प्रथम-प्रियंका कुमारी, बीटीएमसी, द्वितीय वर्ष

द्वितीय – कुसुम चौधरी, बीकॉम. जनरल प्रथम वर्ष

तृतीय – अथर्व विवेक सपाटे, बीकॉम जनरल प्रथम वर्ष



</td>
</tr>
<tr>
<td>वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र</td>
<td>निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र</td>
</tr>
</table>

# प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागीदारी

| | |
|---|---|
| Name of the program | : Hindi Diwas competition & Celebration organized by DBHPS |
| Date | : 12/09/2018 |
| Place | : Heritage Hall |
| Number of students participated | : 03 |
| Guest | : Dr Rekha Sharma |

खैरताबाद परिसर में स्थित दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा में हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विवेक वर्धनी कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. रेखा शर्मा थी। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित ए.वी. कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शशिकांत मिश्रा ने लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति को तोड़ने की बात कही। उन्होंने बल देकर कहा कि व्यक्ति अपनी भाषा में जब तक पारंगत नहीं होता तब तक वह किसी भी भाषा में पारंगत नहीं हो सकता। हिंदी दिवस उद्घाटन समारोह का शुभारंभ परीक्षा विभाग की व्यवस्थापक शारदा की अध्यक्षता में संपन्न

हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन करके समारोह का उद्घाटन किया। शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. संगय्या मठ ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित पी.जी. विभाग के रीडर डॉ. वी.एच. पाटिल, सभा के वरिष्ठ प्रचारक चवाकुल नरसिंहमूर्ति, प्रबंध निधिपालक शेक़ मोहम्मद खासिम ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दी। शारदा ने अध्यक्षीय भाषाण में भारत की एकता को बनाए रखने में हिंदी पर प्रकाश डाला। डॉ. गोरखनाथ तिवारी ने अतिथियों का परिचय दिया।

इस समारोह में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज के छात्रों ने भाग लिया।



# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

## हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Hindi Diwas Celebration |
| Date | : | 14/09/2018 |
| Place | : | Heritage Hall |
| Number of students participated | : | 140 |
| Guest | : | Dr. Vishnu Bhagwan Sharma |

दि. 14 सितंबर 2018 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज में हिंदी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय स्टेट बैंक, हैदराबाद के सेवानिवृत सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) विष्णुभगवान शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी विश्व की प्रथम तीन भाषाओं में से एक भाषा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनाने के लिए इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संपर्क की भाषा के रूप में स्वीकृति हासिल करनी होगी। इसे रोजगार की भाषा बनाने की आवश्यकता है। हिंदी में रोजगार के अवसर पर अपने विचार व्यकत करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। हिंदी अध्यापक, प्राध्यापक, अधिकारी, अनुवादक, सहायक, टंकक, लिपिक, पत्रकार, स्क्रिप्ट राईटर, कथा लेखक, एंकर, डायलॉग लेखक, गीतकार आदि। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ब्रदर विंसेंट रेड्डी ने कहा कि हिंदी देश की राष्ट्रभाषा है। इस भाषा का सम्मान करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप हिंदी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं का लाभ उठाएँ। यह एक मधुर भाषा है। इस का साहिय देश की आवाज है।
हिंदी प्राध्यापक बी शीला ने कहा कि हिंदी विश्व की प्रमुख भाषाओं में अपना स्थान रखती है। इसे बहुत जल्द संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकृति मिलने वाली है। इस महान भाषा का उपयोग हमें अपने दैनिक कामकाज में करना चाहिए। बोलचाल में इसका प्रयोग तो हम करते ही हैं, लेकिन लिखनेवाली भाषा के रूप में इसका उपयोग करके इसके प्रसार में अपने स्तर पर योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी में रोजगार की अनंत संभावनाएं हैं। आप इसका लाभ उठा सकते हैं। अवसर पर 08-09 सितंबर 2018 को आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कारों से

सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ कॉलेज के विद्यार्थी प्रियंका, भार्गवी और मानसा द्वारा प्रार्थना गीत से किया गया। संचालन हिंदी प्राध्यापक बी शीला ने किया।

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

| | |
|---|---|
|   |  |
| प्राचार्य ब्रदर विंसेंट रेड्डी अतिथि डॉ. विष्णु भगवान शर्मा को सम्मानित करते हुए | अतिथि डॉ. विष्णु भगवान शर्मा के साथ पुरस्कार विजेता छात्र |

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज के हिंदी प्राध्यापक द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत

## (इफ़लू में दो दिवसीय अंतर राष्ट्रीय संगोष्ठी)

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Two days International Seminar by EFLU |
| Date | : | 10 & 11 /10/2018 |
| Place | : | EFLU |
| Participation | : | 1 - Hindi Faculty presented a research paper |
| Guest | : | Prof. Arjun Chauhan |

दि.10-11 अक्तूबर 2018 को अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (इफ्लू) में "इक्कीस्वीं सदी का साहित्य एवं विमर्श के विविध आयाम (स्त्री, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, किसान, थर्डजेंडर और नए विमर्श)" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में बीज वक्तव्य साहित्य अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मण गायकवाड़ ने दिया। शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुर के प्रो. अर्जुन चव्हाण मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आठ सत्रों में आयोजित संगोष्ठी में पाँच समानांतर सत्रों का आयोजन किया गया था। इन सत्रों में देश के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकारों, समालोचकों, पत्रकारों तथा समीक्षकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए और विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों के हिंदी प्राध्यापक एवं शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।

इफ्लू द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दि. 11 अक्तूबर 2018 को लिटिल फ्लावर
डिग्री कॉलेज की हिंदी प्राद्यापक बी शीला ने
डॉ ऋषभ देव शर्मा के काव्य संकलन 'देहरी' पर
" देहरीः स्त्री के मनुष्य होने को रेखांकित करती है"
विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रपत्र वाचन करते हुए श्रीमती शीला






Little Flower Degree College
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज की हिंदी प्राध्यापक ने निभाई निर्णायक की भूमिका

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Poetry recitation |
| Date | : | 26 /11/2018 |
| Place | : | Chirec International School, Hyderabad |
| Guest | : | Ms Sheela |

दि.26 नवंबर 2018 को चिरेक इंटरनेश्नल स्कूल हैदराबाद में कविता वाचन प्रतियोगिता संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता कक्षा -1 से 5 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता के लिए डॉ पूर्णिमा शर्मा तथा लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज की हिंदी प्राध्यापक बी शीला ने निर्णायकों की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने माँ, सुबह, झांसी की रानी, सूरज, धरती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती इत्यादि विषय व शीर्षक की कविताओं का वाचन किया।



चिरेक इंटर नेशनल स्कूल, हैदराबाद में आयोजित 'कविता वाचन प्रतियोगिता' में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज की हिंदी प्राध्यापक बी शीला निर्णायक की भूमिका में, स्मृति चिह्न ग्रहण करते हुए, समूह चित्र में और छात्रों को संबोधित करते हुए।

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

# अंतर राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी में प्रतिभाग

| | |
|---|---|
| Name of the program | : Two Days International seminar |
| Date | : 14,15/12/2018 |
| Place | : Badruka college |
| Participation | : 1 Hindi Faculty presented a research paper |
| Guest | : Bandaru Dattatreya |

दि.14 एवं 15 दिसंबर 2018 को बद्रुका वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय एवं हिंदी हैं हम विश्व मैत्री मंच, हैदराबाद द्वारा दो दिवसीय अंतर राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद की हिंदी प्राध्यापक बी शीला ने कुमार लव के काव्य संग्रह 'गर्भ में' पर "नवीन भाव-भंगिमाओं की कविताएँ : गर्भ में" शीर्षक से शोध आलेख प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी में देश-विदेश के प्रसिद्ध साहित्यकार और हिंदी विद्वानों ने अपनी महत्पूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई। इनकी उपस्थिति से संगोष्ठी की गरिमा बढ़ी। समापन कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।






काचीगुड़ा स्थित बद्रुका कॉलेज में बद्रुका वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय तथा हिन्दी हैं हम विश्व मैत्री मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में उपस्थित मुख्य अतिथि तेलंगाना के महाविद्यालयीन शिक्षा आयुक्त नवीन मित्तल, विशेष अतिथि पद्मश्री प्रो. अशोक चक्रधर, प्रो. खोखलोवा लुडमिला, पद्मश्री डॉ. रमाकांत शुक्ल, मानद मंत्री मुकुन्दलाल बद्रुका, कॉलेज प्रचार्य डॉ.के. सोमेश्वर राव, डॉ. रियाज़ुल अंसारी, डॉ. विद्याधर, राजेश अग्रवाल व अन्य। अवसर पर संस्मारिका का विमोचन किया गया।

# विश्व हिंदी दिवस: 2019 के अवसर पर विशेष व्याख्यान आयोजित

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Vishwa Hindi Diwas |
| Date | : | 10/01/2019 |
| Place | : | Montfort Hall |
| Number of students participated | : | 115 |
| Guest | : | Dr Kaushalya |

दि. 10 जनवरी 2019 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद में विश्व हिंदी दिवस-2019 के उपलक्ष्य में कॉलेज के प्रथम व द्वितीय वर्ष के हिंदी छात्रों के लिए "हिंदी भाषा के बढ़ते कदम" विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ कौशल्या, सहायक निदेशक व प्रभारी, हिंदी शिक्षण योजना (से.नि.), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने विश्व हिंदी दिवस के महत्व के संबंध में अपने विचार रखते हुए कहा कि विश्व में हिन्दी का विकास करने और इसे प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से विश्व हिंदी सम्मेलनों की शुरुआत की गई। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित हुआ था। इसीलिए इस दिन को 'विश्व हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी 2006 को प्रति वर्ष विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की थी। उसके बाद से भारतीय विदेश मंत्रालय ने विदेश में 10 जनवरी 2006 को पहली बार विश्व हिन्दी दिवस मनाया था। उन्होंने कहा कि हिंदी आज न केवल भारत में बल्कि विश्व के कई देशों में बोली जा रही है। भारत के साथ - साथ विश्व के प्रतिष्ठि विश्व-विद्यालयों में हिंदी का अध्ययन एवं अध्यापन का कार्य चल रहा है। सारा विश्व हिंदी की ओर अपने कदम बढ़ा रहा है और हिंदी के कदम विश्व के कोने-कोने में बढ़ने लगे हैं। व्याख्यान के उपरांत परिचर्चा का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने मुख्य वक्ता से हिंदी में कैरियर संबंधी जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रदर विन्सेंट रेड्डी और उप प्रधानाचार्य श्रीमती जयंती रेड्डी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष बी शीला ने किया।

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

| | |
|---|---|
|  |  |
| विश्व हिंदी दिवस समारोह में भाग लेते हुए छात्र | डॉ. कौशल्या छात्रों को संबोधित करते हुए |

## नमूना व पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Model Exhibition |
| Date | : | 02/02/2019 |
| Place | : | Karunya court |
| Number of students participated | : | 22 students exhibited models related to Hindi language |

दि. 01 फरवरी 2019 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद में हिंदी पाठ्यक्रम के पाठों से संबंधित नमूना व पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों ने इस प्रदर्शनी में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम से बाजर दर्शन, भाभी, धरती का स्वर्ग, राजनीति का बंटवारा, पर्यावरण और हम, सदगति, चरित्र संगठन, छोटा जादूगर तथा द्वितीय वर्ष के पाठ्यक्रम से फूल और काँटा, भारत, बाललीला, हिंदी साहित्य का इतिहास का काल विभाजन आदि के नमूने और पोस्टर प्रदर्शित किए। अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रदर विन्सेंट रेड्डी एवं उप प्रधानाचार्य श्रीमती जयंती रेड्डी ने छात्रों द्वारा बनाए गए नमूनों व पोस्टरों का अवलोकन किया और उनसे संबंधित पाठों पर चर्चा की। प्रदर्शनी देखने के लिए नगर द्वय के महाविद्यालयों के हिंदी अध्यापकों व छात्रों को आमंत्रित किया गया था। सेंट पायस कॉलेज, नाचाराम, हैदराबाद के छात्रों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया छात्रों की कलाकृतियों व कलाकारों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

प्रदर्शनी में नमूने व पोस्टर प्रदर्शित करते हुए छात्र और प्रधानाचार्य अवलोकन करते हुए



# भवन्स कॉलेज द्वारा आयोजित कार्यशाला में सहभाग

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Attended workshop |
| Date | : | 08/02/2019 |
| Place | : | Bhavans college |
| Participation | : | 01 (Ms Sheela) |
| Guest | : | Santosh Mahapatra |

दि. 8 फरवरी 2019 को भवन्स डिग्री कॉलेज में 'अ टीचिंग टेक्निक्स एंड टेक्नॉलोजी इन दि लैंग्वेज क्लासरूम' विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लिटिल फ्लवार डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद कार्यरत द्वितीय भाषा – हिंदी, तेलुगु तथा फ्रेंच के संकाय ने भाग लिया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता नेल्सर विश्वविद्यालय के व्याख्याता श्री संतोष महापात्रा ने द्वितीय भाषा शिक्षण की चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने व्याख्यान में कहा कि आज के विद्यार्थी अपने दैनंदिन के क्रियाकलापों के लिए तकनीकी का प्रयोग बड़ी आसानी से कर रहे हैं। इसीलिए उन्हें पढ़ाते समय यदि अध्यापक तकनीकी का प्रयोग कर सकें तो अपने पाठ को अधिक रोचक एवं बोधगम्य बना सकते हैं।

श्री महापात्रा ने बताया कि अध्यापकों को अपनी पारंपरिक अध्यापन की शैली के साथ-साथ नवीन तकनीक को प्रयोग करने की विधि सीखनी चाहिए। नवीन अवधारणाओं को प्रचीन पद्धति से समझाना संभव नहीं है। आज के समय में स्वयं को अपडेट करना अध्यापकों के लिए बेहद जरूरी हो गया है। उन्होंने उदाहरणों सहित बताया कि कैसे कक्षा अध्यापन में नवीन शिक्षण पद्धति के अनुरूप तकनीकी का प्रयोग किया जा सकता है। कक्षा अध्यापन के दौरान छात्रों में उन्नत ज्ञान के प्रसार करने के नए-नए तरीके बताए। छात्रों को पाठ की ओर आकर्षित करने हेतु क्विज़ पद्धति, सर्वेक्षण और राय एकत्रित करने, ऑनलाइन राय एकत्रित करने और मेल के माध्यम से छात्रों के समूह बनाकर नोट्स भेजने आदि की पद्धति भी बताई। प्रतिभागियों को अभ्यास भी कराया। कार्यशाला के समापन पर कॉलेज के प्राध्यापकों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए भवन्स कॉलेज के भाषा विभाग व प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया और शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। यह कार्यशाला द्वितीय भाषा के प्राध्यपकों के लिए बहुत उपयोगी रही है। पाठ्यक्रम के प्रति छात्रों में रूचि पैदा करना सीखा है। भाषा को दिलचस्प तरीके से सिखाने का ज्ञान अर्जित किया है।

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

## विचार व्यक्त करते हुए श्री संतोष महापात्रा



**Little Flower Degree College**
(Affiliated to Osmania University)
Uppal, Hyderabad
Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# लिटिल फ्लावर में फेस्टा लेटरेरिया संपन्न

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Inter Collegiate Competition |
| Date | : | 26/02/2019 |
| Place | : | Montfort Hall |
| Number of students participated | : | 34 |

दि.26 फरवरी 2019 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज में "फेस्टा लेटरेरिया" समारोह संपन्न हुआ। इस समारोह में कॉलेज के विभिन्न विभागों द्वारा अपने विषय संबंधी विविध अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जैसे भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान के अलावा अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, फ्रेंच और संस्कृत भाषा एवं साहित्य में भी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

हिंदी में कथा-कथन तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के द्वारा छात्रों में विद्यमान संभाषण कला एवं साहित्य ज्ञान प्रतिभा को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। इन प्रतियोगिताओं में नगरद्वय के विभिन्न कॉलेजों जैसे सेंट मैरी, कस्तुरबा, सेंट एनन्स, एलएफडीसी, उप्पल, बद्रुका, सेंट पायस से कुल 36 छात्रों ने भाग लिया।

डॉ बी बालाजी, सहायक प्रबंधक (राजभाषा), मिधानि, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए और श्री राघवेंद्र, प्राध्यापक, लिटिल फ्लावर जूनियर कॉलेज ने कथा-कथन प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका निभाई।

प्रश्नोतरी एवं कथा-कथन प्रतियोगिता में निम्न लिखित छात्रों ने पुरस्कार प्राप्त किए:

| स्थान | प्रश्नोत्तरी | कथा-कथन |
|---|---|---|
| प्रथम | बी कीर्ति, राखीराम, तियासिन<br>सेंट मेरी कॉलेज | वीरेश<br>बद्रुका कॉलेज |
| द्वितीय | मानसा रेड्डी, नीरज चौधरी, जस्मीत कौर<br>लिटिल फ्लावर कॉलेज, उप्पल | चुलबुली<br>सेंट मेरी कॉलेज |
| तृतीय | श्रुति चौधरी, ऐश्वर्या कुलकर्णी, शिवाणी शुक्ला<br>कस्तुरबा गांधी कॉलेज | राजपुरोहित जितेंद्र सिंह<br>सेंट मेरी कॉलेज |

# Little Flower Degree College

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया गया। लिटिल फ्लावर कॉलेज, उप्पल की हिंदी प्राध्यापक बी शीला ने कार्यक्रम का संचालन किया।

| | |
|---|---|
|  |  |
| पुरस्कार विजेताओं के साथ प्रधानाचार्य ब्रदर विंसेन्ट रेड्डी | कथा कथन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए छात्र |

**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society

# पर्यावरण विमर्श पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

| | |
|---|---|
| Name of the program | : Two Days International seminar |
| Date | : 8th & 09/04/2019 |
| Place | : DBHPS |
| Participation | : 1 Hindi Faculty presented a research paper |
| Guest | : Bhagwan Morewal |

दि. 08 व 09 अप्रैल 2019 को उच्च शिक्षा और शोध संस्थान, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, खैरताबाद के तत्वावधान में "समकालीन हिंदी साहित्य में पर्यावरण विमर्श" पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर बीज वक्ता हिंदी साहित्यकार भगवान मोरवाल उपस्थित रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और रामायण आदि ग्रंथों से लेकर आधुनिक हिंदी साहित्य में पर्यावरण के विनाश से संबंधित अंशों की ओर आम जनता का ध्यान आकर्षण करने वाले लेखकीय प्रयासों को रेखांकित किया। संगोष्ठी के दौरान श्रीलंका की डॉ नीलांती कुमार राजपाक्षे ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

अवसर पर लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद की हिंदी प्राध्यापक बी शीला ने "हिंदी कविता में पर्यावरण विमर्श (सर्वेश्वरदयाल सक्सेना , विनोदकुमार शुक्ल और ऋषभदेव शर्मा की कविता के विशेष संदर्भ में) " पर प्रपत्र वाचन किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में उक्त तीनों कवियों द्वारा अपनी रचनाओं में अंकित पर्यावरण संरक्षण के चित्रों को उद्घाटित किया। उन्होंने कहा कि संगोष्ठियाँ आयोजित करने मात्र से पर्यावरण का संरक्षण नहीं होगा अपितु इसके साथ-साथ जनता के बीच जाकर पर्यावरण असंतुलन से होने वाली हानियों और पर्यावरण संतुलन के उपायों के प्रति जागरुकता लाना भी बेहद जरूरी है ।



**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

# ई एफ एल यू में एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Workshop (Attended) |
| Date | : | 09/04/2019 |
| Place | : | EFLU |
| Number of Faculty participated | : | 01 |
| Guest | : | Dr Gopal Sharma |

दि. 09 अप्रैल 2019 को अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय (ई एफ एल यू) के साहित्यिक अध्ययन संकाय द्वारा "हिंदी साहित्य में अनुवाद एवं तुलनात्मक अध्ययन: समस्याएँ एवं समाधान" पर एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई।बी शीला ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और परिचर्चा कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यशाला में प्रतिभागियों ने विज्ञान से संबंधित विषयों के अनुवाद में आनेवाली समस्याओं व उनके समाधान तथा अनूदित व मूल साहित्य में तुलनात्मक अध्ययन की प्रक्रिया का ज्ञान प्राप्त किया।

उक्त कार्यशाला में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद की हिंदी प्राध्यापिका बी शीला ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और परिचर्चा कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया

**कार्यशाला में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद की हिंदी प्राध्यापिका**





**Little Flower Degree College**

(Affiliated to Osmania University)

Uppal, Hyderabad

**Managed by Brothers of St. Gabriel Educational Society**

# 'यूनिकोड व हिंदी टंकण' कार्यशाला संपन्न

| | | |
|---|---|---|
| Name of the program | : | Workshop on Unicode |
| Date | : | 17/04/2019 |
| Place | : | Montfort Hall & Computer lab |
| Number of students participated | : | 46 |
| Guest | : | Dr B. Balaji |

17 अप्रैल 2019 को लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज, उप्पल, हैदराबाद में हिंदी विभाग द्वारा 'यूनिकोड व हिंदी टंकण' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्‍घाटन कॉलेज की उप प्रधानाचार्या श्रीमती जयंती रेड्डी ने किया। उन्होंने नगरद्वय के विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्राध्यपकों व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी प्राध्यापकों और छात्रों में हिंदी में टंकण कौशल का विकास करने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। हिंदी देश की राष्ट्रभाषा है। हमें हिंदी और अपनी मातृभाषा में टंकण करने आना चाहिए। इससे सोशल मिडिया पर भी हम अपनी भाषाओं का प्रयोग कर सकेंगे। इससे हमारी राष्ट्रभाषा और मातृभाषा का सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसार होगा।

कार्यशाला के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता डॉ.बी.बालाजी ने मल्टिमिडिया के माध्यम से प्रतिभागियों को भारत सरकार की राजभाषा नीति की जानकारी दी। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित हिंदी के प्राध्यापकों व छात्रों से कहा कि भारतीय नागरिक होने के नाते यह हम सब का दायित्व है कि हम राजभाषा हिंदी का ज्ञान अर्जित कर उसका प्रयोग करें। आज इंटरनेट की दुनिया में हिंदी का तेजी से प्रसार हो रहा है। इसकी लोकप्रियता में वृद्धि करने व इसे राष्ट्रभाषा रूप में स्थापित करने के लिए हम सबको इसका दैनंदिन के क्रियाकलापों में लिखित भाषा के रूप में प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने यूनिकोड के संक्षिप्त इतिहास का ज्ञान कराते हुए विभिन्न ऑपरेटिंग सिस्टम्स के कंप्यूटर्स में हिंदी टूल्स सक्रिय करने की विधि बताई और अभ्यास कराया।

कार्यशाला के द्वितीय सत्र में डॉ बालाजी ने सभी प्रतिभागियों को www.bashaindia.com से माईक्रोसॉफ्ट इंडिक लैंगवेज इनपुट टूल को डाऊनलोड करना सिखाया। इस टूल को सक्रिय करके इसके माध्यम से टंकण का अभ्यास कराया। साथ ही देवनागरी इन्सक्रिप्ट व हिंदी ट्रेडिश्नल की-बोर्ड के लेआऊट की भी जानकारी दी। प्रतिभागियों ने दोनों ही टूल्स पर हिंदी व तेलुगु भाषा में टंकण का अभ्यास किया। डॉ बालाजी ने इसी सत्र में स्पीच टू टेक्सट का ज्ञान कराकर प्रतिभागियों से अभ्यास कराया।

कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में लिटिल फ्लावर डिग्री कॉलेज की हिंदी प्राध्यापिका बी.शीला ने मुख्य वक्ता सहित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि इस कार्यशाला में हम हिंदी के साथ - साथ भारत की अन्य दस भाषाओं में टंकण का ज्ञान अर्जित करेंगे। कार्यशाला के समापन पर छात्रों व प्राध्यापकों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और दैनिक उपयोग के लिए लिखित भाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग करने व हिंदी टंकण को बढ़ावा देने की शपथ ली। कार्यशाला के सफल आयोजन में कॉलेज के छात्र यश पटेल, प्रशांती, मानसा, भार्गवी तथा बुशरा फातिमा का सक्रिय योगदान रहा।

| | |
|---|---|
|  |  |
| उप प्राचार्या श्रीमती जयंती रेड्डी कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए। साथ में हैं अतिथिवक्ता डॉ. बी. बालाजी। | प्रतिभागियों के संबोधित करते हुए हिंदी प्राध्यापक शीला |